पर्यटन क्षेत्र में डिजिटल बदलाव हो...



जबलपुर| जहां छात्राओं ने क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया, तो वहीं एआई के बारे में भी जाना। अवसर था मानकुंवर बाई महाविद्यालय के भूगोल विभाग एवं मप्र पर्यटन बोर्ड, जेएटीसीसी बायपास संस्थान, रानी दुर्गावती संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी का। संगोष्ठी का उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र में डिजिटल बदलाव और एआई की भूमिका को बढ़ावा देना है। विषय प्रवर्तक डॉ.ब्रम्हानंद त्रिपाठी ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. प्रकाश राय रहे। इस अवसर पर डॉ. मनोज प्रियदर्शन ने भी विचार व्यक्त किए। प्राचार्य डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. रितु रानी व डॉ. मीनाक्षी मरावी का मार्गदर्शन रहा। विकांक्षा चौबे व पूर्णिमा गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

Scanned by CamScanner